विकट हालात में लक्ष्य पर टिके रहे तो होंगे सफल

आईसीएआई लखनऊ चैप्टर की ओर से शनिवार को आयोजित 'लक्ष्य सीमंत्रा' कार्यक्रम में शामिल विशेषज्ञ।

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ।

इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के अध्यक्ष सीएमए मानस ठाकुर का कहना है कि विद्यार्थियों को सफल होने के लिए पूरी तरह समर्पित होकर तैयारी करनी होगी। वे शनिवार को राजधानी में आईसीएआई लखनऊ चैप्टर द्वारा आयोजित कार्यक्रम 'लक्ष्य सीमंत्रा' में मौजूद थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन और आदर्शों से सीख लेने की जरूरत है, जिन्होंने विकट स्थितियों में भी लक्ष्य से खुद को डिगने नहीं दिया। कार्यक्रम में लखनऊ और प्रदेश के सैकड़ों कॉस्ट एंड मैनेजमेंट कोर्स के स्टूडेंट्स और प्रोफेशनल्स शामिल थे।

आईसीएआई लखनऊ चैप्टर में हुआ लक्ष्य सीमंत्रा का आयोजन

वहीं, सीएमए मानस ठाकुर ने कहा कि देश ने विपरीत आर्थिक हालात में भी तेज आर्थिक वृद्धि दर बनाए रखी है। यह सीएमए प्रोफेशनल्स के लिए आदर्श परिस्थितियां हैं, जिनमें उनके लिए कॅरिअर के ढेरों विकल्प मौजूद हैं। कार्यक्रम में आए उपाध्यक्ष सीएमए संजय गुप्ता ने ऑडिटिंग व कंसल्टेंसी के जरिये कीमतों पर नियंत्रण को जरूरी बताया और कहा कि इन सिद्धांतों का उपयोग खर्च व संसाधनों की बर्बादी को कम करते हुए संसाधनों का सही उपयोग करने पर सीएमए को जोर देना चाहिए। सीएमए एसके भट्ट, सीएमए सुनील सिंह, सीएमए रवि साहनी ने भी इस दौरान विद्यार्थियों को कई सुझाव दिए।

कार्यक्रम में सीएमए सौरभ श्रीवास्तव, सीएमए पवन तिवारी, सीएमए धर्मेंद्र सलूजा, सीएमए अमित यादव, नेहा शर्मा, अंजना चड्ढा भी मौजूद थे। सेमिनार में एक सेशन साइबर सिक्युरिटी पर भी रखा गया।